# HAPUR POLICE

## प्रेस नोट

**थाना - सिम्भावली** **दिनांक 18.01.2025**

### "स्वाट टीम व थाना सिम्भावली पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर का किया खुलासा"

- **स्वाट टीम व थाना सिम्भावली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही कर गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे मिले अधजले अज्ञात शव की घटना का सफल अनावरण करते हुए 02 हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार ।**
- **जिनके कब्जे/निशानदेही से आलाकत्ल अवैध तमंचा सहित 02 अवैध तमंचे मय जिन्दा व खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा एक्सयूवी कार बरामद ।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण व मृतक आपस में परिचित थे, अभियुक्त फुरकान को संदेह था कि मृतक ने उसके भाई इरफान को फिरौती के मामले में जेल भिजवाया है तथा अभियुक्त आमिर को भी यह संदेह था कि मृतक ने उसके पीछे पुलिस लगा दी है, जिसके चलते दोनों अभियुक्तों द्वारा मृतक नासिर की हत्या कर शव को हाईवे किनारे फेंककर जला दिया था ।**
- **संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 11.01.2025 को थाना सिम्भावली क्षेत्रांर्तगत गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माणाधीन पुल के पास एक अज्ञात शव अधजली अवस्था में मिला था, उक्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण, फॉरेंसिक टीम व स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था तथा शव की शिनाख्त कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी/अनावरण करने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीमें गठित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थे ।

विवेचनात्मक कार्यवाही में मृतक की शिनाख्त नासिर खान उर्फ लालू पुत्र वाहिद खान निवासी गांव हतरा थाना वजीरगंज जनपद बदायूं, हाल म0नं0 ए 51, गली नं0 01, निकट 33 फुटा रोड़ सेकण्ड फ्लोर थाना वेलकम जनपद उत्तरी पूर्वी दिल्ली के रूप में हुई तथा घटना में संलिप्त 02 अभियुक्तों का नाम प्रकाश में आया ।

**कार्यवाहीः-**

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत स्वाट टीम व थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा थाना सिम्भावली पर पंजीकृत मु0अ0सं0 मु0अ0सं0 **09/25 धारा** 103, 238 **बीएनएस** का सफल अनावरण करते हुए 02 हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनके कब्जे से आलाकत्ल एक तमंचा सहित 02 अवैध तमंचे मय जिन्दा व खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त कार एक्सयूवी-300 बरामद हुई है ।



उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**गिरफ्तारी का स्थान -** एनएच-09 पर निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस पर निर्माणाधीन पुल के नीचे, **दिनांक** 17.01.2025 ।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः-**

1- आमिर पुत्र खालिद निवासी मौ0 काजी कस्बा व थाना सहसवान जिला बदायूँ हाल पता मकान नं0-166 गली नं0-2 कर्दम पुरी हरिजन बस्ती थाना ज्योति नगर दिल्ली।

2- फुरकान पुत्र तफसीर निवासी मकान नं0- बी-8/46 गली नं0-05 प्रथम फ्लोर निकट मॉडल स्कूल के पास कबीरनगर थाना वेलकम दिल्ली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1. 02 अवैध तमंचे मय 04 जिन्दा व एक खोखा कारतूस .315 बोर (घटना में प्रयुक्त)।
2. घटना मे प्रयुक्त कार महिन्द्र एक्सयूवी 300 रजि0 नं0-**DL8CAY**1648 (घटना में प्रयुक्त)।

**पूछताछ का विवरण-** गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ पर बताय़ा कि मृतक नासिर खान उर्फ लालू से हमारी जान व पहचान थी, मैं (आमिर) कपड़े का व्यापार करता हूं, मृतक नासिर उर्फ लालू भी कपड़े का व्यापार करता था, तथा अभियुक्त फुरकान ने मेरे मकान में किराए की दुकान कर रखी है, फुरकान का भाई इरफान का नाम फिरौती के प्रकरण में प्रकाश में आया था, जिसको थाना लोधी स्पेशल सैल दिल्ली द्वारा जेल भेज दिया था और मैं भी पुलिस के डर से घर से फरार हो गया था, जिस कारण मेरा पूरा कारोबार ठप हो गया। मृतक नासिर के अपराधी किस्म के लोगों से सम्बन्ध थे। हमें अन्देशा था कि नासिर ने ही मेरे व इरफान के बारे में पुलिस को जानकारी देकर फसाया है। इसलिए हम दोनों ने मिलकर नासिर उर्फ लालू की हत्या की योजना बनायी, योजनानुसार दिनांक 10.01.2025 को रात्रि 08.00 बजे के आसपास आमिर की गाड़ी सं0 **DL 8CAY** 1648 महिन्द्र एक्सयूवी 300 को लेकर हम दोनों नासिर को क्लीयर शरीफ जाने का बहाना बनाकर किसी तरह नासिर को गाड़ी मे बैठा लिया और हमनें पहले से ही आमिर की स्कूटी से पैट्रोल निकालकर अपनी इसी गाड़ी में रख लिया था और अपनी गाड़ी फुरकान चला रहा था और मैं (आमिर) पीछे बैठ गया था और हमने क्लीयर शरीफ की बजाय गाजियाबाद की तरफ को गाड़ी का रुख कर दिया और छिजारसी टोल से पहले आमिर ने पीछे से नासिर उर्फ लालू के सिर में सटाकर गोली मार दी और गाड़ी को लेकर हम दिल्ली से मुरादाबाद को जाने वाले न्यू हाईवे पर बन रहे निर्माणाधीन पुल से कुछ पहले नासिर उर्फ लालू के शव को गाड़ी से उतारकर कच्ची पटरी पर लिटाकर उसके शव की पहचान छिपाने के उद्देश्य से चेहरे पर व पूरे शरीर पर जल्दी जल्दी पैट्रोल छिड़क कर माचिस से आग लगा दी थी। मृतक नासिर उर्फ लालू, राशिद गैंगस्टर केवल वाला व हाशिम उर्फ बाबा के भी सम्पर्क में था जिसके सम्बन्ध में जांच/छानबीन की जा रही है।

## गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

***थाना सिम्भावली पुलिस टीम-***

1- प्र0नि0 श्री श्योपाल सिंह थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
2- उ0नि0 श्री अनंगपाल राठी थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
3- उ0नि0 श्री रामकिशोर गौतम थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
4- उ0नि0 यूटी राजदीप दिनकर थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
5- है0का0 595 फरमान अली थाना सिम्भावली जनपद हापुड़।
6- है0का0 614 आदेश कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।
7- का0 247 अंकित कुमार थाना सिम्भावली जनपद हापुड।

***जनपदीय स्वाट टीम-***

1.निरीक्षक श्री पटनीश कुमार प्रभारी स्वाट टीम हापुड।
2.उ0नि0 श्री नसीम खाँ स्वाट टीम हापुड़।
3.उ0नि0 श्री पारस मलिक स्वाट टीम हापुड़।
4.है0कां0 संजीव कुमार स्वाट टीम हापुड़।
5.है0कां0 नीरज त्यागी स्वाट टीम हापुड़।
6.है0कां0 राजीव कुमार स्वाट टीम हापुड़।
7. है0कां0 विशाल कुमार स्वाट टीम हापुड़।
8.है0कां0 विनीत धामा स्वाट टीम हापुड़।
9.है0कां0 कुलदीप कुमार स्वाट टीम हापुड़।
10. है0कां0 नीरज राठी स्वाट टीम हापुड़।
11.है0कां0 अमित कुमार स्वाट टीम हापुड़।
12. है0का0 सोनू बालियान स्वाट टीम हापुड़।